प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में सामान्य बजट पर विपक्ष के आरोपों का दिया जवाब : कहा– देश की जीडीपी में यूपी दूसरे नंबर पर।
2. केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के किए दर्शन : अयोध्या के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद।
3. केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने आज लखनऊ में कहा– सामाजिक और आर्थिक न्याय को गति देने वाला है बजट।

और

4. जर्मनी की राजधानी बर्लिन के तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन मेला में दिख रही है प्रदेश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की झलक : राज्य के पर्यटन विभाग के स्टॉल पर उमड़े लोग।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वित्तीय वर्ष 2025–26 के सामान्य बजट पर चर्चा में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ और बजट पर जवाब दिया।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष के आरोपों पर कहा कि महाकुंभ का आयोजन सरकार के लिए अग्नि परीक्षा थी। उन्होंने कहा कि 45 दिनों के आयोजन ने भारत की विरासत और विकास की एक अनुपम छाप न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में छोड़ी है। बाइट...

*प्रयागराज का महाकुंभ अपनी भव्यता, अपनी दिव्यता और अपनी उस विरासत को आने वाली पीढ़ी को छोड़कर के सम्पन्न हो चुका है। पैंतालीस दिनों में छयासठ करोड़ तीस लाख से अधिक श्रद्धालु और पूज्य संत देश और दुनिया से प्रयागराज आये। यह भारत की विरासत का एक ऐसा अनुपम उदाहरण है कि इसके बारे में हम लोग इसको शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते।*

मुख्यमंत्री ने बजट पर जवाब देते हुए कहा कि नीति आयोग द्वारा राज्यों की राजकोषीय स्थिति के सम्बन्ध में प्रकाशित रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को फ्रण्ट रनर की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि देश की जीडीपी में 9 दशमलव 2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश के अंदर दूसरे स्थान पर है। बाइट.....

*इन आठ वर्षों में हम लोग प्रदेश की जीएसडीपी को दो हज़ार चार सौ पच्चीस का जो वित्तीय वर्ष चल रहा है मार्च दो हज़ार पच्चीस तक बारह दशमलव सात पांच करोड़ रूपये से बढ़ाकर सत्ताईस दशमलव सात एक लाख करोड़ यानी दोगुने से ज्यादा पहुंचाने में हम लोग इसको सफल हो रहे हैं। देश की जीडीपी में आज के दिन पर उत्तर प्रदेश का जो हिस्सेदारी पहले सातवें स्थान पर थी, आज वह नंबर दो पर आ गई है। देश के अंदर जीडीपी की जो वृद्धि दर है वह नौ पॉइंट छः प्रतिशत है जबकि उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर तेईस चौबीस में अगर देखें तो ग्यारह दशमलव छह प्रतिशत है।*

इससे पूर्व सामान्य बजट पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने महाकुंभ में अव्यवस्था और बिजली निजीकरण जैसे मुद्दों को उठाया। विधान परिषद में आज जातिवार जनगणना न कराये जाने के मुद्दे पर विपक्ष ने सदन से वाक आउट किया। नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा सरकार और पार्टी जातिगत जनगणना के खिलाफ नहीं हैं। उन्होंने कहा यह भारत सरकार का विषय है।

---------

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंहपुरी ने आज श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन कर पूजन किया। इसके बाद उन्होंने ब्रह्म कुंड गुरुद्वारा में मत्था टेका। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रभु राम का दर्शन कर अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूं । उन्होंने कहा कि अयाध्या में तेज गति से विकास हो रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी को धन्यवाद भी दिया।

---------

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज अयोध्या में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने नवनिर्मित सरदार पटेल भवन का लोकार्पण तथा स्वर्ण जयंती पुस्तक का विमोचन किया।

उन्होंने सर्वश्रेष्ठ लोगो डिजाइनर पुरस्कार, वर्ष 2024 का शोध पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ स्नातक और परास्नातक छात्र पुरस्कार प्रदान किए।

———————

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने आज लखनऊ में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा लाए गए बजट की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अधिकारिता मंत्रालय को केन्द्र सरकार द्वारा एक अच्छी राशि आवंटित की गई है। श्री अठावले ने कहा कि राज्य का बजट विकास को गति देने वाला है। बाइट......

*दो हज़ार पच्चीस छब्बीस का जो बजट हमारा उत्तर प्रदेश का है।वित्त मंत्री हमारे सुरेश कुमार खन्ना जी ने जो उत्तर प्रदेश का बजट पेश किया है। विकास परियोजनाओं के लिए बीस पर्सेंट का बजट है। शिक्षा के लिए थर्टीन पर्सेंट बजट है। सामाजिक न्याय के साथ साथ आर्थिक न्याय देने वाले उत्तर प्रदेश का बजट है।*

———————

प्रदेश सरकार की एकीकृत विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स परियोजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीडा 05 एक्सप्रेसवे के समीप औद्योगिक गलियारे विकसित कर रहा है, यूपीडा ने प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए उन्नाव, हरदोई व संभल में लॉजिस्टिक एवं इंडस्ट्रियल प्लॉट्स के अलॉटमेंट के लिए आवेदन मांगे हैं। इस परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के 30

जिलों में 33 एकीकृत विनिर्माण व लॉजिस्टिक क्लस्टर की स्थापना की जाएगी ।

————————

केंद्रीय खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने आज वाराणसी में विभिन्न योजनाओं के लिए टूल किट का वितरण किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री कुमार ने बताया कि ग्रामोद्योग विकास योजना प्रधानमंत्री के  विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बना रही है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ में 11 करोड़ से अधिक रुपये के खादी उत्पादों की ऐतिहासिक बिक्री हुई।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

महाकुम्भ मेले में सेंट्रल हॉस्पिटल में इस्तेमाल किए गए चिकित्सा उपकरण और सुविधाओं को प्रदेशभर के मरीजों के इलाज के लिये इस्तेमाल में लाया जाएगा। प्रयागराज के सहायक निदेशक स्वास्थ्य डॉ0 राकेश शर्मा ने बताया कि मेला समाप्त होने के बाद अब यहां के बेड समेत तमाम उपकरणों को प्रदेश के अन्य जिलों तक पहुंचाने की योजना बनाई गई है। जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपनी आवश्यकताओं के अनुसार उपकरणों की मांग करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज के परेड ग्राउंड में 100 बेड का हाईटेक सेंट्रल हॉस्पिटल स्थापित किया गया। जिसमें अत्याधुनिक आईसीयू, डेंटल, आर्थोपेडिक, स्त्री एवं शिशु रोग विशेषज्ञों की सेवाएं यहां आने वाले श्रद्धालुओं को उपलब्ध थीं। सेंट्रल हॉस्पिटल के माध्यम से मेले के दौरान 07 लाख से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि महाकुम्भ मेले के दौरान 100 बेड के सेंट्रल हॉस्पिटल के अलावा 25 बेड के दो सब–सेंट्रल हॉस्पिटल, 20–20 बेड के आठ सेक्टर हॉस्पिटल और 20 बेड के दो संक्रामक रोग अस्पताल भी स्थापित किए गए। इनके साथ ही 10 फर्स्ट एडपोस्ट भी संचालित हुए। अब इन सुविधाओं का लाभ प्रदेश के बाकी जिले ले सकेंगे। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

—————————

प्रयागराज महाकुंभ में जो लोग स्नान नहीं कर सके उनके लिए प्रदेश सरकार के अग्निशमन विभाग द्वारा राज्य भर में कुंभ के जल का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में श्रावस्ती में आज अग्निशमन विभाग की टीम ने

श्रद्धालुओं को पवित्र संगम के जल का वितरण किया। वहीं वाराणसी में भी कुंभ के जल का वितरण किया गया । इसका शुभारंभ करते हुए वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार कुंभ के जल का वितरण करा रही है। बाइट.....

*अभी हमारे पास एक फायर टैंकर प्रयागराज से आया है इसलिए अभी इसका वितरण पुलिस लाइन सेकिया जा रहा है। जैसे जैसे और टैंकर्स आएँगे और जिस एरिया आरिया से डिमांड होगी तो हम वहाँ से भी इसका वितरण करेंगे।*

—————————

जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आज से 06 मार्च तक चलने वाले अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन मेला में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से राज्य के पर्यटन आकर्षणों और क्षमताओं को विश्व समुदाय के समक्ष प्रदर्शित किया जा रहा है। प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन मेले में अयोध्या, काशी, मथुरा, झांसी, प्रयागराज, ललितपुर और प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व के साथ–साथ लखनऊ की प्रसिद्ध चिकनकारी सहित अन्य पर्यटन आकर्षणों को दर्शाया गया है। आईटीबी बर्लिन में यूपी के स्टॉल पर बड़ी संख्या में लोग उमड़ रहे हैं। श्री सिंह ने बताया कि बर्लिन में 40 वर्ग मीटर क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पर्यटन का स्टॉल लगाया गया है। यहां प्रदेश की आध्यात्मिक–सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के साथ हस्तशिल्प, ओडीओपी तथा प्रसिद्ध पर्व त्योहारों को दर्शाया गया है।

———————

उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय व क्षेत्रीय खेल कार्यालय लखनऊ के तत्वावधान में  केडी सिंह बाबू स्टेडियम में संपन्न प्रदेश स्तरीय आमंत्रण पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में लखनऊ ने अमेठी हास्टल को 29–25 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की। वहीं गोरखपुर व मऊ को संयुक्त तीसरा स्थान मिला। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी जीएस राणा उपस्थित रहे।

———————

मौसम विभाग ने प्रदेश में आज, कल और छह मार्च को बीस से तीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा, हालांकि आज से चौबीस घंटे बाद अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी।

(समाप्त)